पत्र संख्या–29/SPARROW–311/2025/सा0प्र0–

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

राजीव रंजन दास,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव,
सभी प्रधान सचिव/सचिव,
सभी विभागाध्यक्ष,
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त,
सभी जिला पदाधिकारी।

पटना–15, दिनांक–

विषयः– **बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन में अंकित अभ्युक्तियों के विरूद्ध प्रतिवेदित पदाधिकारी से प्राप्त अभ्यावेदन पर अंतिम निर्णय लेने हेतु रेफरल बोर्ड (Referral Board) के गठन के सम्बन्ध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि विभागीय पत्रांक–8160, दिनांक–22.05.2024 के आलोक में बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन में अंकित अभ्युक्तियों के विरूद्ध कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन विशेष के संदर्भ में प्राप्त प्रतिवेदित पदाधिकारी के अभ्यावेदन पर संबंधित प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारियों के मंतव्य के आलोक में सम्यक रूप से विचारोपरान्त अंतिम निर्णय लेने हेतु विभाग स्तर पर रेफरल बोर्ड (Referral Board) का गठन निम्नरूपेण किया गया है:–

(i) अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना – अध्यक्ष

(ii) वरीयतम विशेष सचिव/अपर सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना – सदस्य

(iii) वरीय प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा–29(चारित्री, बि0प्र0से0), सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना। – सदस्य–सह–संयोजक

उपर्युक्त के आलोक में श्री संजय कुमार, भा0प्र0से0, विशेष सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को रेफरल बोर्ड (Referral Board) के सदस्य के रूप में नामित किया जाता है।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कार्यरत बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को उपर्युक्त निर्णय से अवगत कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

ह0/–

(राजीव रंजन दास)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–29 / SPARROW–311 / 2025 / सा0प्र0– , दिनांक–

प्रतिलिपि– मुख्य सचिव, बिहार / विकास आयुक्त, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–29 / SPARROW–311 / 2025 / सा0प्र0– , दिनांक–

प्रतिलिपि– श्री संजय कुमार, भा0प्र0से0, विशेष सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–29 / SPARROW–311 / 2025 / सा0प्र0–21127, दिनांक– 14-11-25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सभी को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने एवं विभागीय वेब–साइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/11.2025

सरकार के अवर सचिव।